भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1060** जिसका उत्तर

गुरूवार, **27 जून**, 2019/6 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है

पत्तनों की क्षमता का उपयोग

1060. डॉ. उमेश जी. जाधवः

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में कुछ पत्तन अवसंरचनात्मक कमियों के कारण अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग नहीं कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके अन्य कारण क्या हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) देश में लगभग 90% एक्जिम व्यापार पत्तनों के माध्यम से किया जाता है। लगातार बढ़ते एक्जिम व्यापार की चुनौतियों को पूरा करने के लिए सरकार का प्रयास है कि महापत्तनों की क्षमता में लगातार वृद्धि की जाए। विभिन्न महापत्तनों में वर्तमान में स्थापित क्षमता और उसकी उपयोगिता **अनुबंध** में दी गई है। पत्तनों पर मौजूदा कार्गो/यातायात की संभलाई के लिए यथा-अपेक्षित क्षमता का पूर्ण रूप से उपयोग किया जा रहा है। पत्तनों पर उपलब्ध अतिरिक्त क्षमता पत्तनों को निकट भविष्य में कार्गो/यातायात में हो रही वृद्धि को संभालने के लिए सक्षम बनाएगी। कुछ महापत्तनों पर उपलब्ध अतिरिक्त क्षमता अवसंरचना की कमी के कारण नहीं बल्कि वैश्विक मंदी के मद्देनजर अपेक्षित कार्गो की गैर उत्पादकता के कारण है। पर्यावरण संबंधी अवरोधों तथा लौह-अयस्क निर्यात पर प्रतिबंध के कारण मुरगांव पत्तन पर लौह-अयस्क कार्गो के यातायात में भारी कमी हुई है।

(ग) सरकार महापत्तनों पर यातायात और व्यापार की नियमित रूप से निगरानी कर रही है। पत्तन प्राधिकरण नए कार्गो को सृजित करने की संभावना की खोज भी करते हैं ताकि यातायात और क्षमता के बीच के अंतर को कम किया जा सके। इसी प्रकार, महापत्तन भी अपने हिंटरलैण्ड / क्षेत्र से यातायात को आकर्षित करने के लिए व्यापार संबंधी बैठकें आयोजित करते हैं। पत्तनों में कार्गो संभलाई की मात्रा को बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं ताकि तटीय नौवहन को बढ़ावा दिया जा सके।

अनुबंध

वर्ष 2018-19 के दौरान महापत्तनों की क्षमता और उसकी उपयोगिता

महापत्तन	क्षमता (एमटीपीए)	यातायात (एमटी)	क्षमता उपयोगिता (%)
दीनदयाल	267.10	115.40	43.20
मुंबई	79.00	60.58	76.68
जेएनपीटी	138.87	70.70	50.91
मुरगांव	63.40	17.68	27.89
कामराजर (एन्नौर)	91.00	34.50	37.91
चेन्नई	134.00	53.01	39.56
व.उ. चिदम्बरनार	111.46	34.34	30.81
नव मंगलूर	98.00	42.54	43.41
कोचिन	78.60	32.02	40.74
विशाखापट्टणम	131.09	65.30	49.81
पारादीप	239.00	109.27	45.72
कोलकाता डॉक प्रणाली	31.57	18.50	58.60
हल्दिया डॉक कम्पलेक्स	51.00	45.21	88.65
कुल:	**1514.09**	**699.05**	**46.17**

*****